# झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग संस्थान में आग लगने से 15 छात्रों की दर्दनाक मौत के बाद झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों, स्कूलों और निजी शिक्षण परिसरों में सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग उठाई है। हाल ही में हुए इस हादसे में 15 लोगों की मौत हुई और कई अन्य घायल हुए, जिसके बाद देशभर में शिक्षण संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने इस संबंध में झारखंड के शिक्षा मंत्री को ई-मेल के माध्यम से विस्तृत ज्ञापन भेजते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। अजय राय ने कहा कि लखनऊ की घटना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। यह हादसा देशभर के कोचिंग संस्थानों और शिक्षण परिसरों में अग्नि सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की गंभीर समीक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करता है। उन्होंने दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। ज्ञापन में राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों एवं निजी शिक्षण परिसरों के लिए फायर सेफ्टी एनओसी का वार्षिक नवीनीकरण अनिवार्य करने की मांग की गई है। इसके अलावा प्रत्येक संस्थान में फायर एक्सटिंग्विशर, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म और स्प्रिंकलर सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने, कम से कम दो आपातकालीन निकास द्वार बनाने तथा नियमित फायर ड्रिल एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता बताई गई है।



राज्य में कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने की मांग

### हरमू और बरियातू में नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान, 20 से अधिक अस्थायी संरचनाएं हटाईं

# फुटपाथ व नाली पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होगा : नगर निगम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से रांची नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को हरमू और बरियातू क्षेत्र में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने हरमू चौक से पंचमुखी मंदिर तक अभियान चलाकर सड़क किनारे संचालित दुकानों, ठेलों और अन्य अस्थायी संरचनाओं को हटाया। कार्रवाई के दौरान कुल 12 अस्थायी संरचनाओं को हटाते हुए बड़ी मात्रा में बांस-बल्ली एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। इसके अलावा बरियातू रोड क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर स्थापित अस्थायी दुकानों, बांस-बल्ली से बने ढांचों और अन्य अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई के क्रम में आठ ठेले, दो लोहे के काउंटर सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। रांची नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सड़क, नाली और फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और आम नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। नगर निगम ने आम लोगों और दुकानदारों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें और शहर को व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें।



## हरमू सब्जी बाजार में फुटपाथ दुकानदारों पर कार्रवाई रोकने की मांग



**रांची।** हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित सब्जी बाजार में फुटपाथ दुकानदारों के खिलाफ रांची नगर निगम की कार्रवाई को लेकर पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने नगर निगम से आग्रह किया है कि छोटे दुकानदारों और सब्जी विक्रेताओं के मामले में संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जाए। अरुण कुमार झा ने कहा कि गांव-देहात से आने वाले कई लोग सड़क किनारे सब्जी और फल बेचकर अपना जीवनयापन करते हैं। ऐसे लोगों पर लगातार कार्रवाई होने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को गरीब और छोटे व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बरसात का मौसम चल रहा है, ऐसे में फुटपाथ दुकानदारों और आम लोगों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हरमू सब्जी बाजार क्षेत्र कोई ऐसा मुख्य मार्ग नहीं है जहां बड़े पैमाने पर यातायात जाम की समस्या उत्पन्न हो रही हो। पूर्व पार्षद ने नगर निगम से अपील की कि दुकानदारों के लिए उचित व्यवस्था करते हुए कार्रवाई की जाए, ताकि शहर की व्यवस्था भी बनी रहे और गरीब दुकानदारों की आजीविका भी प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन को समझदारी और मानवीय दृष्टिकोण के साथ इस मामले का समाधान निकालना चाहिए।

## अवनी केजरीवाल को मारवाड़ी सम्मेलन ने दी बधाई, करेगा सम्मानित



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्य एवं समाजसेवी मितेश केजरीवाल की बेटी डीपीएस छात्रा अवनी केजरीवाल ने सीबीएसई 12वीं-26 के पुनर्मूल्यांकन परिणाम में 500 में 500 अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर टॉपर बनी। अवनी की इस सफलता पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया व शुभकामनाएं दी। सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, वरीय उपाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन तथा संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बधाई दिया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा शीघ्र ही अवनी केजरीवाल को सम्मानित किया जाएगा।

### एसआईआर की तैयारी तेज, बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

# 30 जून से 29 जुलाई तक घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाएंगे बीएलओ

- पारदर्शी मतदाता सूची पुनरीक्षण पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 की तैयारियों को लेकर रांची जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे दिन भी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण की विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रशिक्षण में गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण और अभिलेखों के उचित संधारण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को कार्यों के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही मतदाताओं द्वारा भरे गए प्रपत्रों का संग्रहण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को कार्य के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही गणना प्रपत्रों के नियमित संधारण तथा दैनिक प्रगति प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें और समय पर गणना प्रपत्र भरकर उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

### नेताओं की बेरुखी पर भारी पड़ी जनशक्ति

## केदल के ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर खुद बनाई सड़क



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जब जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और सिस्टम की लाचारी हद से पार हो गई, तो केदल पंचायत की जनता ने मंगलवार सुबह से खुद ही मोर्चा संभाल लिया। बीआईटी मेसरा मोड़ स्थित निर्मल महतो चौक के पास पिछले दो वर्षों से गड्ढों में तब्दील मुख्य सड़क को स्थानीय लोगों ने निजी कोष से पीसीसी ढलाई कराकर दुरुस्त कर दिया।

**विधायक और सांसद के खिलाफ भारी आक्रोश :** विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाले स्थानीय विधायक और सांसद के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। थक-हारकर लोगों ने आपस में फंड जुटाया और खुद खड़े होकर सड़क निर्माण पूरा कराया। इस व्यस्त मार्ग से रोजाना स्कूल-कॉलेज के बच्चे,व्यावसायिक वाहन और कई कॉलोनियों के लोग गुजरते हैं। आए दिन हो रहे हादसों और जनप्रतिनिधियों की बेरुखी से तंग आकर ग्रामीणों ने कहा,हम कब तक नेताओं के झूठे आश्वासनों और हादसों के भरोसे बैठे रहते। जब सिस्टम ने मुंह मोड़ लिया,तो हमने अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद उठा ली। यह सामूहिक प्रयास सोए हुए प्रशासन के मुंह पर करारा तमाचा है।

# श्री श्याम मंदिर में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

- मंदिर में कल धूमधाम से मनाया जाएगा निर्जला एकादशी उत्सव

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में 209वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया और भक्ति भाव से सराबोर हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल के निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं सदस्य अरुण खुटेटा द्वारा बलराम मोदी से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कराकर किया गया। बलराम मोदी एवं उनके परिवार ने बालाजी महाराज को केसरिया पेड़ा, गुड़, चना और फल प्रसाद का भोग अर्पित किया। इसके बाद श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन कर पाठ वाचकों का चंदन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक और ढपली की मधुर स्वर लहरियों के बीच श्री गणेश वंदना के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ किया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं की सहभागिता से श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ संपन्न हुआ। पाठ के दौरान भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।श्री सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में श्रवण ढानढनिया द्वारा चना प्रसाद सेवा, पुष्पा देवी पोद्दार द्वारा केसरिया पेड़ा सेवा, मनीष साहू द्वारा गिरिगोला सेवा तथा राजेश जायसवाल द्वारा फल प्रसाद सेवा प्रदान की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, अशोक लड़ियां, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, बलराम मोदी, कृष्णा अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**निर्जला एकादशी पर विशेष आयोजन**

मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि 25 जून को श्री श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। बाबा श्याम के प्रमुख चार एकादशी पर्वों में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व माना जाता है। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा कोलकाता के कारीगर विशेष सजावट में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बाबा श्री श्याम का भव्य दिव्य श्रृंगार किया जाएगा तथा मेवा भोग, फल भोग और सवामणि प्रसाद अर्पित किया जाएगा। मंदिर के पट सुबह खुलने के बाद दिनभर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुले रहेंगे। रात्रि 9:30 बजे से एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

**द्वादशी पर अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन**

26 जून को द्वादशी के अवसर पर मंदिर में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। इस दिन बाबा श्री श्याम को उनकी प्रिय खीर-चूरमा का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। मंडल के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## कथा वाचक संजीव कृष्ण ठाकुर का रांची में हुआ स्वागत

- गौ सेवा, धर्म और आध्यात्मिक विषयों पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** श्रीमद् भागवत कथा वाचक संत संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराज का मंगलवार को रांची आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। पुरुलिया से सड़क मार्ग द्वारा रांची होते हुए दिल्ली जाने के क्रम में संत जी के आगमन पर गौ सेवकों, धर्म प्रेमियों और श्रद्धालुओं ने उनका अभिनंदन किया। गौ सेवा के क्षेत्र में समर्पित संत संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराज वृंदावन में समर्पण गोशाला का संचालन कर रहे हैं, जहां सैकड़ों की संख्या में बूढ़ी, कमजोर और दूध नहीं देने वाली गौ माताओं की सेवा की जाती है। दानदाताओं के सहयोग से इस गोशाला में निरंतर गौ सेवा का कार्य किया जा रहा है।

रांची आगमन के अवसर पर गौ सेवक एवं व्यवसायी प्रमोद सारस्वत तथा श्री श्याम प्रेमी किशन अग्रवाल ने संत जी का स्वागत किया। प्रमोद सारस्वत ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया, वहीं किशन अग्रवाल ने बाबा खाटू श्याम का श्री श्याम दुपट्टा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान आगामी वर्षों में देश-विदेश और विभिन्न राज्यों में आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथाओं की तिथियों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही धर्म, अध्यात्म और समाज में संस्कारों की भूमिका जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। संत संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराज ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा और ज्ञान को निरंतर आगे बढ़ाते हुए अपनी संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक मूल्यों से हमेशा जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन में आध्यात्मिक चेतना और संस्कारों का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में झारखंड के देवघर में भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें श्रद्धालु उनके मुखारविंद से कथा अमृत का रसपान करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड के प्रमुख तीर्थ स्थलों और धार्मिक महत्व वाले स्थानों की जानकारी भी ली।

# रोटरी क्लब ऑफ रांची को मिला 31 पुरस्कार, बना बेस्ट क्लब

- क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट से सम्मानित
- शुक्राना डिस्ट्रिक्ट अवार्ड फंक्शन पटना में रोटरी रांची ने मचाई धूम

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** पटना के होटल मौर्या में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के सत्र 2025-26 के अवार्ड फंक्शन में रोटरी क्लब रांची ने इतिहास रच दिया। क्लब ने डिस्ट्रिक्ट 3250 में अलग-अलग श्रेणियों में कुल 31 पुरस्कार प्राप्त किए, जो झारखंड बिहार के लिए एक रिकॉर्ड है। पुरस्कार का वितरण मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल के पास्ट डायरेक्टर अनिरुद्ध रॉय चौधरी की मौजूदगी में मंडल की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता ने किया। अवार्ड फंक्शन में रोटरी झारखंड बिहार के 120 क्लब शामिल हुए थे। इन क्लबों के बीच सेवा कार्य के क्षेत्र में योगदान को लेकर कड़ी स्पर्धा थी। रोटरी क्लब ऑफ़ राँची को बेस्ट क्लब और रोटरी रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल को आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट क्रा अवार्ड मिला। जबकि गौरव बॉगरॉय रोटेरियन ऑफ द ईयर और प्रवीण राजगढ़िया बेस्ट रोटरी इमेज चेयरमैन के पुरस्कार से नवाजे गए। समारोह में गवर्नर नम्रता ने कहा कि बेहतर कार्यों को सम्मान देकर हम अपनी सेवा की भावना को और प्रशस्त करते हैं। आगे भी हमें पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ इस सफर को जारी रखना है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्लब अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने क्लब के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह अवार्ड क्लब द्वारा चिकित्सा क्षेत्र, पर्यावरण क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र, अन्नपूर्णा एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्राप्त हुआ है। पुरस्कार मिलने से हम सभी का उत्साह और बढ़ा है। साथ ही हमारी जिम्मेवारियां भी और बढ़ गई है। अपने साथियों के सहयोग से हमलोग अपनी सेवा भावना के क्षेत्र में पुनः मील का पत्थर स्थापित करने का प्रयास करते रहेंगे। उक्त समारोह में रोटरी रांची से पास्ट गवर्नर अजॉय छाबड़ा, पास्ट गवर्नर जोगेश गंभीर, असिस्टेंट गवर्नर हर्मिंदर सिंह, क्लब फर्स्ट लेडी रश्मि अग्रवाल, क्लब सचिव भावना तनेजा, गौरव बाग़रॉय, जशदीप सिंह, गिरीश अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल एवं प्रवीण राजगढ़िया शामिल हुए। क्लब की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरे क्लब में हर्ष का माहौल है।

**क्लब को प्राप्त मुख्य अवार्ड की सूची**

सर्वश्रेष्ठ क्लब पुरस्कार रोटरी क्लब ऑफ रांची, उत्कृष्ट अध्यक्ष पुरस्कार अमित अग्रवाल, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ रोटेरियन पुरस्कार गौरव बॉगरॉय, सर्वश्रेष्ठ असिस्टेंट गवर्नर- हरमिंदर सिंह, पब्लिक इमेज - प्रवीण राजगढ़िया, सर्वश्रेष्ठ रोटरी स्पाउस पुरस्कार रश्मि अग्रवाल, रोटरी फाउंडेशन में सर्वाधिक योगदान पुरस्कार, उत्कृष्ट सेवा परियोजना पुरस्कार, विशिष्ट उपलब्धि पुरस्कार कृत्रिम अंग शिविर, सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक सेवा पुरस्कार रोटरी सहेली सेंटर, सर्वश्रेष्ठ जनसंपर्क पुरस्कार, उत्कृष्ट सामुदायिक सेवा पुरस्कार, प्रोजेक्ट पॉज़िटिव हेल्थ कैंप हेतु गोल्ड क्लब सम्मान, जिला सम्मेलन मेजबानी पुरस्कार मिला। इसके अलावा 17 अन्य व्यक्तिगत और सामूहिक पुरस्कार मिले।

## आज कल





### कार्यक्रम — झारखंड में उद्यमियों के लिए जागरुकता शिविर आयोजित

# एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने में जुटा आरबीआई

- 51,020 करोड़ रुपए तक पहुंचा एमएसएमई ऋण
- 25 लाख रुपए तक के लोन पर 14 कार्य दिवस में निर्णय लेने के नए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** एमएसएमई दिवस के अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), रांची कार्यालय की ओर से विशेष एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को वित्तीय सुविधाओं, ऋण प्रक्रियाओं और उद्यमिता विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई की महाप्रबंधक डॉ. शैलजा सिंह ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ रोजगार सृजन और निर्यात बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमों को आसान और समयबद्ध वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि वे आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि आरबीआई के नए दिशानिर्देशों के अनुसार सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को 25 लाख रुपये तक के ऋण आवेदन पर बैंकों को 14 कार्य दिवस के भीतर निर्णय लेना होगा। इससे छोटे उद्यमियों को ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी और उन्हें समय पर वित्तीय सहायता मिल सकेगी। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान झारखंड में एमएसएमई क्षेत्र को दिया गया बकाया ऋण 31 मार्च 2026 तक बढ़कर 51,020 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसे राज्य में छोटे और मध्यम उद्योगों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। जागरूकता शिविर में उद्यमिता विकास, वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सुविधाओं और ऋण योजनाओं से संबंधित कई सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार, वित्तीय प्रबंधन और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के संबंध में जानकारी दी।

## बीएयू में आईसीएआर पोषित अलसी बीज प्रसंस्करण केंद्र का शिलान्यास



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के पश्चिमी सेक्शन में अलसी बीज प्रोसेसिंग केंद्र का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि देश और झारखंड अपनी तिलहन आवश्यकताओं के लिए दूसरे देशों से आयात पर निर्भर है इसलिए अलसी का उत्पादन, उत्पादकता एवं क्षेत्र बढ़ाने के लिए सुनियोजित प्रयास की आवश्यकता है। इसके लिए किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराना हमें अपनी प्राथमिकता में शामिल करना होगा। इस केन्द्र का निर्माण लगभग 35 लाख रुपए की लागत कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा आईसीएआर के भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के सहयोग से किया जा रहा है। चार महीने में इसके अंदर का निर्माण पूरा कर लिया जाना है।

